देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 65 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**दवा की खोज



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 5 जून 2020



मौसम अधिकतम $28.0^{0}$ न्यूनतम $20.0^{0}$

33980.70

2 पाकिस्तान सरकार का जुगाड़

7 रॉबिन उथप्पा करना चाहते थे आत्महत्या

## संक्षिप्त समाचार

### देश में एक दिन में सबसे ज्यादा 9,304 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक के सबसे ज्यादा नए 9,304 मामले सामने आए हैं जबकि 260 लागों की मौत हो गयी है। इसके साथ ही बृहस्पतिवार तक देश में संक्रमितों एवं इस घातक वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर क्रमश: 2,16,919 और 6,075 हो गयी है। अमेरिका, ब्राजील, रूस, ब्रिटेन, स्पेन और इटली के बाद भारत अब कोरोना वायरस से सर्वाधिक प्रभावित देशों की सूची में सातवें स्थान पर है।

### राहुल से बात, सरकार पर बरसे राजीव बजाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जाने–माने उद्योगपति और बजाज ऑटो के एमडी राजीव बजाज ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए भारत के उठाए कदमों की तीखी आलोचना की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ गुरुवार को कोरोना संकट को लेकर हुई बातचीत में बजाज ने भारत में लागू हुए लॉकडाउन को ड्रैकोनियन बताते हुए कहा कि उन्होंने दुनिया के किसी भी देश में इस तरह के लॉकडाउन के बारे में नहीं सुना।

### लद्दाख में कैसे पहुंचे चीनी सैनिक? केंद्र ने ली रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पूर्वी लद्दाख में चीनी सैन्य निर्माण पर एक विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्वी लद्दाख में कैसे इतने चीनी सैनिक पहुंचे है। रिपोर्ट में पूर्वी लद्दाख में नी सैन्य निर्माण पर विस्तार से जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दौलत बेग ओल्डी सेक्टर और पैंगोंग त्सो सेक्टर सहित अन्य क्षेत्रों में चीनी निर्माण के बारे में जानकारी दी गई है।

# दून में पूर्ण बंद कर करें सेनेटाइजेशन

## उत्तराखंड के कोरोना संक्रमित की मृत्यु पर आश्रित को 1 लाख की सहायता राशि

### जागरूकता और सख्ती पर विशेष ध्यान हो: मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड के कोरोना संक्रमित की मृत्यु पर आश्रित को 1 लाख रूपये की सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कन्टेनमेंट जोन में गाइडलाइन का कडाई से साथ पालन करवाया जाने के निर्देश दिये।

कन्टेनमेंट जोन के बाहर भी फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क की अनिवार्यता के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जाए। जो लोग इनका पालन न करें, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए फील्ड सर्विलांस पर विशेष ध्यान दिया जाए।



### शनिवार व रविवार दो दिन देहरादून में पूर्ण बंद कर सेनेटाइजेशन करवाया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार व रविवार दो दिन देहरादून में पूर्ण बंद कर सेनेटाइजेशन करवाया जाएगा। कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए देहरादून की निरंजनपुर सब्जी मण्डी को बंद कर वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जाए। फ्रंटलाईन वारियर्स की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए। राशन की कालाबाजारी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इसमें लिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचना चाहिए।

**होम क्वारेंटाईन का आकस्मिक निरीक्षण:** वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि क्वारेंटाईन सेंटरो में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। होम क्वारेंटाईन का मानकों के अनुरूप पालन हो रहा है या नहीं, इस पर लगातार चौकिंग भी की जाए। आकस्मिक निरीक्षण किए जाएं। गांवों में क्वारेंटाईन फेसिलिटी पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए ग्राम प्रधानों को निर्देशानुसार धनराशि दी जाए। कोविड केयर सेंटर में प्रशिक्षित स्टाफ व अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था हो।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर और लाजिस्टिक का गैप एनालिसिस:** मुख्यमंत्री ने कहा कि डाटा फीड को पूरी गम्भीरता से लिया जाए। सभी जिलाधिकारी आने वाले समय की आवश्यकताओं का आंकलन करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर और लाजिस्टिक का गैप एनालिसिस करें। इस गैप के अनुसार सुविधाएं और उपकरण जुटाना सुनिश्चित करें।

**विस्तृत खबर पेज 8 पर...**

### लोगों को साथ लेकर लड़नी है कोरोना से लडाई: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 से लडाई में जन सहयोग बहुत जरूरी है। हमें लोगों को साथ लेकर ये लडाई लडनी है। सख्ती और जागरूकता हमारे दो प्रमुख अस्त्र हैं।

**21 मई के बाद प्रदेश में तेजी से बढ़े मरीज:** 21 मई तक भी इक्का–दुक्का मरीज ही सामने आ रहे थे। उस वक्त तक प्रदेश में मरीजों की संख्या 150 से कम थी, जिसमें से 54 पूरी तरह ठीक हो चुके थे। ऐसे में लग रहा था कि जल्द ही हालात पर नियंत्रण पा लिया जाएगा। लेकिन, इसके बाद दर्जनों की संख्या में मरीजों के आने का जो क्रम शुरू हुआ वो अभी तक बदस्तूर जारी है। हालात यह है कि अब पॉजिटिव मरीजों की संख्या एक हजार से अधिक हो चुकी है। इससे संक्रमण दर का ग्राफ भी तेजी से ऊपर चढ़ा है।

## बॉर्डर सील पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कॉमन पास का आदेश

# 3 राज्यों में बने एक नीति: सुको

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस लॉकडाउन के बीच बॉर्डर सील होने से परेशान लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इसपर सुनवाई करते हुए कहा है कि दिल्ली–एनसीआर के लिए एक ही पास होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक कॉमन पास बने जिसकी हरियाणा, यूपी और दिल्ली तीनों राज्यों में मान्यता हो।

### एक हफ्ते में हो समस्या का समाधान

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तीनों राज्यों के लिए एक ही पास होना चाहिए। मतलब इसका पास एक ही जगह एक ही पोर्टल पर बनना चाहिए। कोर्ट ने केंद्र से इसपर एक हफ्ते में समाधान निकालने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर इसका समाधान निकाले।

**पहले राज्य फिर दिल्ली ने सील किए थे बॉर्डर:** कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान पहले उत्तर प्रदेश ने नोएडा और गाजियाबाद के बॉर्डर सील किए। इन्हें बीच में खोला गया लेकिन फिर सील किया गया। इसी तरह हरियाणा ने गुड़गांव और फरीदाबाद के सारे बॉर्डर सील किए। बीच में इन्हें भी खोला गया लेकिन फिर सील किया गया। फिर जब एक जून से हरियाणा ने ढील देने की बात कही तो अरविंद केजरीवाल ने 8 जून तक के लिए यूपी और हरियाणा बॉर्डर सील कर दिए।

**गुड़गांव पर दिखी थी ढील, नोएडा-गाजियाबाद में सख्ती** बुधवार को 33 दिन बाद दिल्ली–गुरुग्राम के बीच लोगों की आवाजाही बिना रोक–टोक होने लगी थी। बॉर्डर पर हरियाणा सीमा में कुछ जगहों से पुलिस ने बैरिकेडिंग हटानी भी शुरू कर दी थीं। दिल्ली–गुरुग्राम के बीच सबसे अहम रजोकरी बॉर्डर पर बुधवार सुबह ही पुलिस ने बैरिकेडिंग हटा दी थी। इससे लोगों को जाम से छुटकारा मिल गया। वहां पुलिसकर्मियों की संख्या भी कम कर दी गई थी।

## केरल में हथिनी की हत्या पर केंद्र सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने केरल में एक गर्भवती हथिनी की हत्या को गंभीरता से लिया है। केंद्रीय वन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति नहीं है कि जानवरों को पटाखा खिलाया जाए और उनकी हत्या की जाए। उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

जावडेकर ने कहा, केंद्र सरकार ने केरल में हथिनी की हत्या को बहुत ही गंभीरता से लिया है। हम मामले की गहराई से जांच और दोषियों को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह भारतीय संस्कृति नहीं है कि पटाखों को खिलाया जाए और जान ली जाए। यह मामला केरल के मलप्पुरम जिले का है। 27 मई को एक गर्भवती भूखी हथिनी भोजन की तलाश में जंगल के बाहर आ गई थी। वह गांव में भटक गई। कुछ स्थानीय लोगों ने उसके साथ शरारत की और उसे अनानास में पटाखे भरकर खिला दिया। भूख से बेहाल हथिनी ने वह अनानास खा लिया और कुछ ही देर में उसके पेट के अंदर पटाखे फटने लगे।

# भारत–ऑस्ट्रेलिया का 'बेस' प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने बृहस्पतिवार को अपनी पहली वर्चुअल शिखर बैठक में चीन को सख्त संदेश दिया। दोनों देशों ने इशारों ही इशारों में चीन से दूसरे देशों की संप्रभुता का पालन करने के लिए कहा। साथ ही भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समुद्र में नियमों पर आधारित व्यवस्था को समर्थन देने का ऐलान किया। हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव को नाकाम करने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया ने एक–दूसरे के सैन्य अड्डों के इस्तेमाल का एक बेहद समझौता भी किया।

इस सैन्य समझौते के बाद अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के जंगी जहाज और फाइटर जेट एक–दूसरे के सैन्ध्य अड्डों का इस्ध्तेमाल कर सकेंगे। साथ ही ये जहाज जरूरत पड़ने पर ईंधन ले सकेंगे। माना जा रहा है कि हिंद महासागर में चीन के बहुत तेजी से बढ़ते कदमों को रोकने के लिए दोनों ही देश एक साथ आए हैं। भारत ने इसी तरह का एक समझौता अमेरिका के साथ किया हुआ है।

### ■भारत आकर खिचड़ी खाऊंगा: स्कॉट

स्कॉट मॉरिशन ने पीएम मोदी से कहा कि कोरोना जाने के बाद जब वह भारत आएंगे तो गुजराती खिचड़ी खाएंगे। इसपर मोदी ने जमकर ठहाके लगाए और उनसे खिचड़ी खिलाने का वादा भी किया।

# भारत में है अलग तरह का कोरोना

### हैदराबाद स्थित CCMB के वैज्ञानिकों ने रिसर्च में किया दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के मामले रोज नए रेकॉर्ड बना रहे हैं। बुधवार शाम तक देश में कोरोना के 2 लाख 16 हजार से ज्यादा मरीज हो चुके हैं। इस बीच हैदराबाद के सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्युलर बयॉलजी के वैज्ञानिकों ने देश में कोरोना संक्रमित लोगों में एक अलग तरह के कोरोना वायरस का पता लगाया है।

वैज्ञानिकों का दावा है कि फिलहाल यह दक्षिणी राज्य जैसे– तमिलनाडु और तेलंगाना में ज्यादातर पाया गया है। वैज्ञानिकों ने वायरस के इस अनूठे समूह को 'क्लेड ए3आई' नाम दिया है, जो भारत में जीनोम सीक्वेंस के 41 फीसदी सैंपलों में पाया गया है। वैज्ञानिकों ने 64 जीनोम का सीक्वेंस तैयार किया है। सीसीएमबी ने ट्वीट किया, 'भारत में SARS&CoV2 के फैलने के जीनोम ऐनालिसिस पर एक नया तथ्य सामने आया है। रिसर्च के मुताबिक, इस वायरस का एक अनूठा समूह भी है जो भारत में मौजूद है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in